अनुमानित बजट वित्तीय वर्ष 2026-27

संचालक मंडल की बैठक दिनांक 25.08.2025 में अनुमोदित

| अनुमानित व्यय | राशि 2026-27 | अनुमानित आय | राशि 2026-27 |
|---|---|---|---|
| अमानतों पर ब्याज | 7500000.00 | प्राप्त ब्याज | |
| उधार पर ब्याज | 25000.00 | विनियोजन पर - | |
| | | मियादी अमानत | 1200000.00 |
| वेतन एवं अलाउन्सेस | 5400000.00 | गर्वनमेंट सिक्युरिटी | 8000000.00 |
| भविष्य निधि और बोनस | | केपीटल गेन | 2500000.00 |
| | | ऋण पर | 6000000.00 |
| डायरेक्टर्स एवं लोकल कमेटी फीस | 100000.00 | कमीशन | 400000.00 |
| किराया, टेक्सेस, बीमा, प्रकाश व्यय - | | अन्य प्राप्तियां | |
| किराया | 700000.00 | प्रवेश शुल्क | 5000.00 |
| बीमा | 400000.00 | लॉकर किराया | 225000.00 |
| प्रकाश व्यय | 150000.00 | प्रोसेसिंग फीस | 50000.00 |
| | | ऋण पर निरिक्षण शुल्क | 5000.00 |
| कोर्ट एवं लागत चार्जेस | 30000.00 | रिकवरी शुल्क | 10000.00 |
| डाकतार एवं टेलीफोन | 25000.00 | ऋण नवीनीकरण शुल्क | 15000.00 |
| टेलीफोन एक्सपेंसेस | 65000.00 | इन्सीडेन्टल शुल्क | 150000.00 |
| आडिट फीस | 250000.00 | | |
| भवन दुरुस्ती एवं छीजन | 300000.00 | | |
| स्टेशनरी छपाई एवं विज्ञापन | | | |
| स्टेशनरी एवं छपाई | 100000.00 | | |
| विज्ञापन | 25000.00 | | |
| **अन्य व्यय-** | | | |
| वसूली व्यय | 200000.00 | | |
| वृत्ति कर | 10000.00 | | |
| क्लियरिंग हाउस चार्जेस | 20000.00 | | |
| विविध व्यय | 500000.00 | | |
| बैंक व्यय | 50000.00 | | |
| कोलेटरल मेनेजमेंट एक्सपेंडीचर | 10000.00 | | |
| वाहन व्यय | 200000.00 | | |
| वार्षिक साधारण सभा व्यय | 200000.00 | | |
| वैधानिक व्यय | 25000.00 | | |
| कम्प्यूटर रखरखाव | 75000.00 | | |
| यात्रा व्यय | 25000.00 | | |
| सुरक्षा एजेंसी और गार्ड | 400000.00 | | |
| परामर्श शुल्क | 200000.00 | | |
| सीआसी सदस्यता और एएमसी चार्जेस | 25000.00 | | |
| गर्वनमेंट सिक्युरिटी अमोरटाईजेशन | 5000.00 | | |
| समारोह / त्यौहार व्यय | 200000.00 | | |
| म्यूचूअल फण्ड पर स्टाम्प ड्यूटी | 10000.00 | | |
| क्लाउड सीबीए किराया | 500000.00 | | |
| सिविल व्यय | 75000.00 | | |
| **कुल अनुमानित व्यय** | **17800000.00** | **कुल अनुमानित आय** | **18560000.00** |
| **अनुमानित लाभ** | **760000.00** | | |
| **योग** | **18560000.00** | **योग** | **18560000.00** |






आर. बी. आई. द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षण



बैंक द्वारा आयोजित नेत्र शिविर में तुलसी का पौधा वितरण




नवनिर्वाचित संचालक मंडल



## सूचनाऐं -

1. जिन सदस्यों ने अंश प्रमाण-पत्र अभी तक प्राप्त नहीं किये हैं वे सदस्य पासबुक में प्रविष्टि कराकर प्रधान कार्यालय से अंश प्रमाण-पत्र प्राप्त करें।
2. बैंक से प्राप्त ऋण की किश्तें नियमित जमा कराकर कालातीत होने से बचें एवं जिन सदस्यों को आपने जमानत दी है उनके ऋण खाते भी नियमित करावें।
3. कृ पया अपना पेन नम्बर, जीएसटी नम्बर एवे केवायसी के नवीन दस्तावेज शाखाओं में अनिवार्य रुप से जमा करावें। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशानुसार केवायसी निकटतम शाखा में अपडेट करावें।

**मकान निर्माण, क्रय, मरम्मत, कार ऋण, वाहन ऋण, सोना-चांदी, आभूषण ऋण, व्यापारिक ऋण एवं लिमिट सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर लेकर अपने व्यापार की उन्नति करें। ब्याज गणना डेली रिड्युसिंग बेलेन्स पर समय पूर्व खाता बंद करने पर कोई पेनल्टी नहीं।**

**मकान ऋण रहवासी**
**8.50%**



**दुकान एवं व्यावसायिक/ वेअर हाउस रसीद पर ऋण सुविधा उपलब्ध है**

**जमानती ऋण**
**13.50%**

**कार ऋण 8.50%**



**दो पहिया वाहन ऋण**
**10.50%**



**व्यापारिक ऋण/ लिमिट सुविधा**
**10.50%**

**NSC/KVP/LIC ऋण/लिमिट**
**10.00%**



**सोना चाँदी आभूषण तारण ऋण**
**10.00%**

**मियादी अमानत पर ऋण एवं लिमिट सुविधा मात्र 1% अतिरिक्त ब्याज पर**

**Book-Post**

प्रति,

प्रेषक :

**शुभलक्ष्मी महिला को-ऑप. बैंक लिमिटेड, इन्दौर**

प्रधान कार्यालय : शालीमार प्लाजा, 225, आर.एन.टी. मार्ग, दवा बाजार के सामने,
इन्दौर (म.प्र.) फोन नं. : 0731-2707061, 4042654

प्रबंधक शुभलक्ष्मी महिला को-ऑ. बैक द्वारा प्रकाशित एवं प्रगति प्रिंटर्स, 17/4, उषागंज, इन्दौर द्वारा मुद्रित

पंजीयन क्रं. सं.पं./इन्दौर/88/1 दिनांक 26.07.88

मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सहकारी बैंक

1989 से महिला सशक्तिकरण की दिशा में अग्रणी

# शुभलक्ष्मी

## महिला को-ऑपरेटिव्ह बैंक लिमिटेड



37 वां वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25

## वार्षिक साधारण सभा

**दिनांक 26 सितम्बर 2025, शुक्रवार**

### प्रधान कार्यालय एवं मुख्य शाखा

शालीमार प्लाजा, 225, आर.एन.टी. मार्ग, दवा बाजार के सामने, इन्दौर (म.प्र.)
फोन नं. : 0731-2707061, 4042654
E-mail : shubhlaxmee@hotmail.com

**शाखा स्नेह नगर :**
**26/4, श्रद्धानंद मार्ग,**
**छावनी, इन्दौर (म.प्र.)**
**फोन : 0731-2708082**

**शाखा विजय नगर :**
**ई.के. 115, स्कीम नं. 54,**
**विजय नगर, इन्दौर (म.प्र.)**
**फोन : 0731-2556399**


श्रीमती सुषमा मालू
अध्यक्ष


श्रीमती निर्मला बाहेती
उपाध्यक्ष


श्रीमती माधुरी काबरा
उपाध्यक्ष


श्रीमती उषा तोमर
संचालक


श्रीमती उष्मा मालू
संचालक


श्रीमती कृष्णा उपाध्याय
संचालक


श्रीमती सुमन जैन
संचालक


श्रीमती मैना पंड्या
संचालक


सुश्री शुभलक्ष्मी मेहरा
संचालक


श्रीमती रीटा वोरा
संचालक


श्रीमती स्वाति सोढ़ानी
संचालक


श्रीमती भावना सोमानी
संचालक


श्रीमती अंकिता पंडित
संचालक


श्रीमती शिल्पा मेहता
संचालक


श्रीमती अंजलि जैन
संचालक


सुश्री विधि पाटोदी
वृत्तिक संचालक


श्रीमती सोनम माहेश्वरी
वृत्तिक संचालक


श्रीमती कलाश्री लश्करी
प्रतिनिधि



# शुभलक्ष्मी महिला को-ऑप. बैंक लिमिटेड, इन्दौर

मुख्यालय : शालीमार प्लाजा, 225, आर.एन.टी. मार्ग, दवा बाजार के सामने,
इन्दौर (म.प्र.) फोन नं. : 0731-2707061, 4042654

## वार्षिक साधारण सभा वर्ष 2024–25 की सूचना

महोदया,

बैंक की 37 वीं वार्षिक साधारण सभा 26.09.2025 शुक्रवार को अपरान्ह 3.30 बजे हिन्दी साहित्य समिति, 11, आर.एन.टी. मार्ग, होटल श्रीमाया के पास, इन्दौर पर आयोजित की गई है। यदि निश्चित समय पर गणपूर्ति नहीं हुई तो स्थगित बैठक उसी स्थान पर 30 मिनट पश्चात् होगी सभी सदस्यों से निवेदन है कि निर्धारित समय पर पधारने का कष्ट करें। साधारण सभा की बैठक में निम्नांकित विषयों पर विचार कर निर्णय लिये जावेंगे :-

### -: विषय सूची :-

विषय क्रमांक (1) :- गत वार्षिक साधारण सभा दिनांक 26.09.2024 की कार्यवाही की पुष्टि करना।

विषय क्रमांक (2) :- संचालक मंडल द्वारा अनुसंशित, अंकेक्षित वार्षिक वित्तीय प्रतिवेदन (स्थिति विवरण पत्रक एवं लाभ-हानि) वर्ष 2024-25 को स्वीकृति प्रदान करना।

विषय क्रमांक (3) :- वर्ष 2024-25 में स्वाकृत बजट से अधिक व्यय राशि की स्वीकृति प्रदान करना।

विषय क्रमांक (4) :- वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट की स्वीकृति प्रदान करना।

विषय क्रमांक (5) :- संचालक मण्डल द्वारा प्रस्तावित संचित लाभ विभाजन 2024-25 की पुष्टि करना।

विषय क्रमांक (6) :- अंकेक्षण प्रमाण-पत्र वर्ष 2024-25 की पुष्टि करना।

विषय क्रमांक (7) :- बैंक की उपविधी क्रं. 9(क) पुरुष वर्ग को सदस्यता देने के लिये उपविधी में संशोधन वार्षिक साधारण सभा में प्रस्तुत करने बाबद।

विषय क्रमांक (8) :- NPA खाते 5 वर्ष से अधिक अपलेखन बाबद।

विषय क्रमांक (9) :- अन्य त्तिषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

संचालक मण्डल की आज्ञा से-
**अर्चना डाबी**
प्रभारी प्रबंधक

नोट :
1. उक्त प्रतिवेदन के संबंध में यदि कोई सामान्य प्रश्न या जानकारी अभिष्ट हो तो उसे बैंक में दिनांक 18.09.2025 तक भेजने का कष्ट करें, इस अवधि के पश्चात् प्राप्त प्रश्नों/पत्रों को विचारार्थ स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. बैंक के वित्तीय पत्रक एवं अन्य आवश्यक जानकारी बैंक की वेबसाईट www.shubhlakshmimcb.com पर उपलब्ध है।
3. सभा में सदस्य अपनी अनिवार्य संचय की फोटो लगी पासबुक अनिवार्य रूप से लावें ताकि असुविधा न हो।
4. बैंक के प्रतिवेदन की मूल प्रति ही प्रमाणित मानी जाएगी।
5. बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति अपनी अनिवार्य संचय की पासबुक दिखाकर बैंक के मुख्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।
6. भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों अनुसार अनिवार्य खाते/जमा खातों पर 2 वर्ष में एक डेबिट (आहरण) होना आवश्यक है यदि व्यवहार नहीं होता है तो वह खाता अनऑपरेटिव की श्रेणी में क्लासिफाईड एवं 10 वर्ष उपरांत डेफ फण्ड में भेजा जाना आवश्यक होगा। अत: समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि अपने अनिवार्य खातों/जमा खातों में के.वाय.सी. अपडेट कर खाते में व्यवहार करना सुनिश्चित करें।



### अध्यक्षीय प्रतिवेदन..........

आदरणीय सदस्य बहनों,

बैंक की 37 वीं वार्षिक साधारण सभा में आप सभी सम्मानीय सदस्य बहनों का संचालक मंडल की ओर से एवं मेरी ओर से हार्दिक अभिनन्दन।

दिनांक 31.03.2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष की प्रगति पत्रक आपके समक्ष रखते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। आप सभी के सहयोग एवं विश्वास के कारण बैंक प्रगति की ओर अग्रसर है। बैंक अपने निजी संसाधनों से सहकारी सिद्धान्तों एवं नियमों के अनुरुप समाज के विभिन्न घटकों को ऋण सुविधाएं उपलब्ध करा कर उनके व्यक्तिगत एवं आर्थिक प्रगति के साथ ही राष्ट्रीय विकास के कार्य में भी अपना योगदान देने में अग्रसर रही है।

इस वर्ष के प्रतिवेदन आपके सम्मुख प्रस्तुत कर रही हूँ :-

आप सभी के सहयोग से बैंक की अमानत दिनांक 31.03.2024 को 21.01 करोड़ थी जो कि बढ़कर दिनांक 31.03.2025 को 21.39 करोड़ हो गई है, कार्यशील पूँजी 26.49 करोड़ से बढ़कर 27.45 करोड़, विनियोजन 126.56 करोड़, एनपीए 24.78 प्रतिशत से घटकर21.04 प्रतिशत हो गया है, शुद्ध लाभ 32.02 से घटकर 0.42 हजार हो गया है यह आप सभी की विश्वसनीयता एवं सहयोग के कारण संभव हो सका है।

बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 पर अंकेक्षक द्वारा 'ब' वर्ग प्रदान किया गया है।

बैंक द्वारा अमानतदारों के रुपये 5 लाख तक की अमानतों की सुरक्षा हेतु भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार बीमा एवं क्रेडिट ग्यारंटी कॉर्पोरेशन की प्रीमियम नियमानुसार जमा किया जा रहा है।

बैंक द्वारा सदस्यों को उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए व्यापारिक ऋण, आवास ऋण, कार ऋण, दोपहिया वाहन, गोल्ड लोन न्यूनतम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है आप सभी सदस्यों से निवेदन है कि अधिक-से-अधिक सदस्य बैंक से लोन लेने का प्रयास करें ताकि बैंक के सभी वर्ग लाभान्वित हो सके। आप सभी सदस्यों से निवेदन है कि सहकारिता सिद्धान्त का अनुपालन करते हुए अधिक से अधिक सदस्य बनाने का प्रयास करें तथा जिन सदस्यों ने बैंक से ऋण प्राप्त किया है वह अपने ऋण की किश्त समय पर जमा करे ताकि कठोर कानूनी कार्यवाही से बचा जा सके तथा भविष्य में ऋण सुविधा प्राप्त करने में असुविधा न हो।

बैंक द्वारा सदस्यों की आँखों की देखभाल के लिये नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सेन्टर फॉर साईट हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दो बार आयोजित किये जिसमें बड़ी संख्या में बैंक के सदस्यों/ग्राहकों द्वारा नेत्र परीक्षण जांच करवायी जिसके लिये हम आपके आभारी हैं।

बैंक द्वारा अपने सभी सदस्यों एवं ग्राहकों को लॉकर सुविधा न्यूनतम किराये पर बैंक की तीनों शाखाओं पर उपलब्ध है। साथ ही बैंक द्वारा RTGS/NEFT, Core Banking की सुविधाऐं सभी शाखाओं में उपलब्ध है आप सभी से निवेदन है कि इन सुविधाओं का लाभ लेवें। बैंक द्वारा भविष्य में Net Banking, ATM, UPI, IMPS की सुविधाऐं शीघ्र चालू करवाने हेतु संचालक मंडल प्रयासरत है।

आप सभी सदस्यों एवं ग्राहकों से निवेदन है कि जिन खातेदारों द्वारा वर्षों से खाते का संचालन नहीं किया जा रहा है वह भी अपने खाते को नियमानुसार केवायसी कर खाते का संचालन करें।

मैं संचालक मण्डल के सभी सदस्यों, ग्राहकों, सहकारिता विभाग, रिजर्व बैंक के अधिकारियों, बैंक के संचालन हेतू बनाई गई विभिन्न समितियों के संचालकगण जिनका प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से हमें सहयोग प्राप्त है के प्रति आभार प्रकट करती हूँ। बैंक के सभी कर्मचारियों जिनके अमूल्य सहयोग एवं योगदान से यह बैंक प्रगति की ओर अग्रसर हो रही है, का भी आभार प्रकट करती हूँ।

इस सत्र की समयावधि में दिवंगत सदस्यों को उनके निधन पर बैंक परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करती हूँ।

मैं इस बैंक व बैंक सदस्यों की निरन्तर प्रगति व उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगामी वर्षों में सदस्यों एवं ग्राहकों को अधिक से अधिक बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतू प्रयासरत रहूँगी।

सधन्वाद।

अध्यक्ष
(श्रीमती सुषमा मालू)



### 31 मार्च 2025 की स्थिति अनुसार तुलन पत्र :-

| पूंजी एवं देनदारियां | अनुसूची संख्या | 31.03.2024 की स्थिति पर | 31.03.2025 की स्थिति पर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| पूंजी | 1 | 94.10 | 95.09 |
| आरक्षितियां | 2 | 613.32 | 672.07 |
| निक्षेप | 3 | 2001.75 | 2139.81 |
| उधार | 4 | 0.00 | 0.00 |
| अन्य दायित्व तथा प्रावधान | 5 | 172.59 | 138.25 |
| योग | | **2881.76** | **3045.22** |

| पूंजी एवं देनदारियां | अनुसूची संख्या | 31.03.2024 की स्थिति पर | 31.03.2025 की स्थिति पर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| नगदी और भारतीय रिजर्व बैंक में अतिशेष | 6 | 10.15 | 11.63 |
| बैंक में जमा राशियाँ और मांग तथा सूचना पर प्राप्य धन | 7 | 543.43 | 556.20 |
| विनिधान | 8 | 1405.15 | 1459.78 |
| अग्रिम | 9 | 579.09 | 659.17 |
| स्थिर अस्तियां | 10 | 18.79 | 17.38 |
| अन्य अस्तियां | 11 | 28.23 | 19.79 |
| संचित हानि | 12 | 28.73 | 0.00 |
| अर्जित ब्याज | 13 ए | 268.11 | 321.27 |
| शाखा समायोजन | | 0.08 | |
| योग | | **2881.76** | **3045.22** |

### 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिये लाभ और हानि लेखा

| क्रं. | | अनुसूची संख्या | 31.03.2024 को समाप्त वर्ष | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | आय | | | |
| | ऋण / अग्रिम विनियोजन ब्याज | ˙3 बी | 203.28 | 166.13 |
| | अन्य आय | 14 | 9.78 | 7.32 |
| | योग | | **213.06** | **173.45** |
| 2 | व्यय | | | |
| | व्यय किया गया ब्याज | 15 | 71.54 | 70.71 |
| | परिचालन व्यय | 16 | 91.71 | 102.33 |
| | प्रावधान और आकस्मिक व्यय लाभ एवं हानि | | 17.79 | 0.00 |
| | वर्ष का शुद्ध लाभ | | 32.02 | 0.41 |
| | योग | | **213.06** | **173.45** |